भारत और डोमिनिकिन गणराज्य JETCO प्रोटोकॉल के साथ आर्थिक संबंधों को मज़बूत करेंगे

स्रोत: द हिंदू

भारत और **डोमिनिकिन गणराज्य** के बीच **संयुक्त आर्थिक तथा व्यापार समिति (JETCO)** की स्थापना के प्रोटोकॉल पर **सैंटो डोमिंगो (डोमिनिकिन गणराज्य की राजधानी)** में हस्ताक्षर किये गए।

- प्रोटोकॉल में तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और क्षमता निर्माण के माध्यम से व्यापार, सेवाओं, औद्योगिक प्रौद्योगिकियों एवं विभिन्न अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करने व विकसित करने की परिकल्पना की गई है।
- **भारत और डोमिनिकिन गणराज्य** के बीच राजनयिक संबंध मई 1999 में स्थापित हुए थे। हालाँकि, वर्तमान में, व्यापार एवं वाणिज्य पर भारत व डोमिनिकिन गणराज्य के बीच कोई द्विपक्षीय संस्थागत तंत्र नहीं है।
    - **भारत मुख्य रूप से डोमिनिकिन गणराज्य से सोना आयात करता है** और फार्मास्युटिकल्स, समुद्री उत्पाद, मोटर वाहन, दो व तीन पहिया वाहन आदि का निर्यात करता है।

और पढ़ें: भारत-डोमिनिकिन गणराज्य संबंध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-and-dominican-republic-to-strengthen-economic-ties-with-jetco-protocol